**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की तकनीकों एवं प्रजातियों के व्यावसायिकरण हेतु एक बैठक आयोजित

पन्तनगर। 13 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय के नारमन ई. बोरलॉग फसल अनुसंधान केन्द्र पर निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी जिसका उद्देश्य आगामी 4 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली यूनिवर्सिटी एकेडमिया मीट के परिप्रेक्ष्य में विष्वविद्यालय में 300 से अधिक तकनीकों और लगभग 346 विकसित प्रजातियों को व्यवसायीकरण करना है। इस संबंध में सभी महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिकों के मध्य चर्चा की गयी कि व्यावसायिक स्तर पर विश्वविद्यालय की तकनीकों एवं प्रजातियों को लोकप्रिय किया जाए जिससे हितधारकों एवं किसानों को इसका फायदा मिले और विश्वविद्यालय की आमदनी भी बढ़े। इस हेतु कम्पेडियम आफ प्रामीजिंग टेक्नोलॉजिस आफ पन्तवर्सिटी नामक पुस्तक तैयार भी की गयी है और सभी संबंधित एजेंसीज को प्रेषित की गई है।

**निदेशक संचार**